हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 जून 2024

तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 28.7 डिग्री

12 सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह से मिले कर्मी



12 नंदूवाली में मनाई गई संत कबीरदास जयंती



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार व दीपक उर्फ लाला को गिरफ्तार किया है। कच्चा बाजार के सचिन कुमार ने 19 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर से गहने, नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### यूपी में इसराना के युवक की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना निवासी कर्मबीर पुत्र मास्टर रणधीर सिंह की उत्तर प्रदेश के मुजफ्फनगर के पास हादसे में मौत हो गई। जबकि कर्मबीर की पत्नी हादसे में घायल हो गई। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस की जांच में पता चला कि कर्मबीर अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर हरिद्वार गया था। वापस लौटते समय विपरित दिशा से आ रही बाइक ने इनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 18 वर्षीय लड़की 20 जून को रात को खाना खाकर घर पर अपने कमरे में सो गई थी। सुबह जब वह जागे तो उन्हें अपनी लड़की घर से गायब मिली।

### नशा सप्लायर हिमाचल से गिरफ्तार

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम 400 ग्राम चरस के साथ पकड़े आरोपी नशा तस्कर की निशानदेही पर सप्लायर को हिमाचल के कुल्लू से गिरफ्तार कर लाई। आरोपी की पहचान सेसराम निवासी गागनी कुल्लू हिमाचल के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी ने नशा तस्कर आरोपी बलकार निवासी हरिसिंह कॉलोनी को 400 ग्राम चरस बेची थी।

# कर्मचारियों ने मांगों को लेकर राज्य निकाय मंत्री के आवास पर किया प्रदर्शन

## मंत्री की धर्मपत्नी ज्ञापन लेने पहुंची और मंत्री से बात कर बैठक करवाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** थानेसर नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

■ प्रदर्शन में पालिका, परिषद, निगम व अग्निशमन के कर्मचारी शामिल थे

पालिका, परिषद, निगम व अग्निशमन के कर्मचारियों ने विरोध सभा का आयोजन किया। अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने की। संचालन संघ के उप महासचिव सुनील चंडालिया ने किया। सभा के बाद कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा के आवास की ओर प्रस्थान किया और उनके आवास पर जमकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा द्वारा पूर्व में सूचना देने के बाद भी घर पर नहीं मिले शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा से नाराज कर्मचारियों ने जमकर की नारेबाजी।

कर्मचारियों की नाराजगी को देखते हुए निकाय मंत्री की धर्मपत्नी थानेसर नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा कर्मचारियों के बीच ज्ञापन लेने पहुंची। उन्होंने मंत्री से बात कर जल्द बैठक करवाने का आश्वासन दिया। संघ ने चेताया कि यदि 5 जुलाई तक मांगों का समाधान नही हुआ तो 6 जुलाई को रोहतक में राज्य कमेटी की बैठक कर हड़ताल जैसा कठोर आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, महासचिव मांगेराम तिगरा, वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड, अग्निशमन विभाग के प्रधान राजेन्द्र सिन्द, उपाध्यक्ष सुभाष गुसर ने बताया कि सरकार ने संघ के साथ 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को किए गए समझौतों में मानी गई मांगों के या तो पत्र जारी नहीं किया और यदि पत्र जारी कर दिए तो उनको लागू नहीं किया सरकार के इस उपेक्षाकृत रवैया से प्रदेश के पालिका कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

### ये है कर्मचारियों की मांगें

नाराज निकाय कर्मचारी निकाय मंत्री से सरकार द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार तुरंत प्रभाव से सीवर व सफाई कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से अनुबंधित कर्मचारियों को पक्का करने, बर्खास्त 26 सफाई कर्मचारियों को बहाल करने, उत्पीड़न आत्मक कारवाई चार्जशीट, झूठे मुकदमे वापस लेने। हरियाणा कौशल रोजगार निगम सहित वर्क आउट सोर्स ऑपरेशनल मेंटेनेंस के ठेकों को समाप्त करो, हरियाणा कौशल रोजगार निगम पार्ट 2 पार्ट 1 दैनिक वेतन भोगी व अन्य सभी तृतीय आवश्यक श्रेणी के कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का पक्का करो, फायर ऑपरेटर के सरजीत पदों पर फायर ड्राइवर एवं फायरमैनो को समायोजित किया जाए। यदि निकाय मंत्री कर्मचारियों की न्याय उचित मांगों का बातचीत के माध्यम से समाधान नहीं करते हैं तो संघ राज्य कमेटी की बैठक कर हड़ताल जैसा बडा आंदोलन का ऐलान करेगा। विरोध प्रदर्शन में संघ के कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह संगेलिया, उप प्रधान सेवा राम, वीरभान बिड़लान, कमला, राजेश बागड़ी, ऑडिटर सुखदेव सिंह, मुख्यसंगठन कर्ता शिवचरण, संगठन कर्ता राजपाल, राज्य सचिव परसोतम दानव, शारदा देवी, अनूप वाल्मीकि, प्रेस सचिव राजीव खत्री, गुलशन भारद्वाज व मनोज अठवाल सहित सेंकडो कार्य कताअरं ने भी शिरकत की।

# नरवाना ब्रांच नहर से मिला विवाहिता का शव

## परिजन बोले- दहेज के लिए ससुराल वाले करते थे प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ पति से किया था प्रेम विवाह

नरवाना ब्रांच नहर से एक विवाहिता का शव बरामद हुआ है। विवाहिता 17 जून को पति के साथ कहासुनी होने के बाद से लापता थी। विवाहिता के पिता ने ससुरालियों पर बेटी को दहेज के लिए उत्पीड़न करने के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की परिवार वालों की सहमति के बाद लव मैरिज हुई थी। पुलिस ने पति और सास के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला छावनी के एकता विहार लाजवंती कॉलोनी के नरेंद्र चावला ने बताया कि उसकी बड़ी बेटी ज्योति गांव कलरहेड़ी के शुभम के साथ लव मैरिज करना चाहती थी। लेकिन उस समय उसकी बेटी की उम्र कम थी। उन्होंने साल 2021 में 18 साल की होने के बाद दोनों परिवारों की सहमति से बेटी की शादी शुभम के साथ कर दी थी। शादी के बाद से उसकी बेटी के पास एक सवा साल की बेटी थी। अभी भी उसकी बेटी 5 माह की गर्भवती थी। ज्योति 6 जून को अपने मायके में आई थी। यहां 15 जून तक रही। ज्योति ने उन्हें बताया था कि उसका पति शुभम और सास गुरविंदर कौर दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। इसकी वजह से उसकी बेटी मानसिक रूप से परेशान रहती थी। उसकी बेटी को 17 जून को शुभम अस्पताल में जांच कराने के लिए लेकर गया था। यहां से वापस लौटते हुए दोनों में दहेज को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके पश्चात उसकी बेटी ने डर के चलते अपने मोबाइल में अपनी मर्जी से जाने के बारे में एक वीडियो बना कर मोबाइल शुभम को दे दिया था। उसकी बेटी बाइक से उतर कहीं चली गई थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक उन्हें शनिवार को सूचना मिली कि उसकी बेटी ज्योति का शव नग्गल एरिया (नग्गल से सेगता पुल के पास) में नरवाना ब्रांच नहर से मिली है। उन्होंने बेटे के शव की शिनाख्त की।

पंजोखरा थाने की पुलिस ने पति शुभम व सास गुरविंदर कौर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डंपर की चपेट में आने से 15 भेड़ मरी, पालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ पानीपत के गांव नैन में हुई दुर्घटना

पानीपत के गांव नैन में एक डंपर ने सड़क किनारे चल रहे एक पशुपालक को टक्कर मार दी, वहीं, हादसे में आरोपी ने 14 भेड़ों और एक बकरी को भी कुचल दिया, इन सभी की मौत हो गई। इधर, मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में पूजा निवासी गांव नैन ने बताया कि 22 जून की सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह अपने जेठ कंवरभान के साथ अपनी भेड़ों को चराने नैन- भाऊपुर रोड पर गौशाला के पास जंगल में जा रहे थे। उसका जेठ उससे आगे सड़क किनारे भेड़ों को हाकंते हुए चल रहा था। जब वे शमशान घाट की गली के आगे पहुंचे तो पीछे से मिट्टी से भरा एक डंपर का चालक तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए आया और उसने डंपर को सीधा उनकी भेड़ों और जेठ कंवरभान के ऊपर चढ़ा दिया। पूजा ने भागकर उसने रूकवाने की कोशिश की, तो उसने डंपर से उसे कुचलने की नीयत से उसके पीछे दौड़ा दिया। इसके बाद महिला ने खुद को बचाने के लिए सड़क किनारे एक गड्ढे में छलांग लगा दी। जिसके बाद डंपर बिजली के पोल में जा टकराया, जिस कारण पोल भी टूट गया।

हादसे के बाद मौके से डंपर लेकर फरार हो गया। हादसे में उसकी 14 भेड़ और एक बकरी की मौत हो गई। जबकि कंवरभान के सिर और छाती में गंभीर चोट लगी।

### स्टिंग ऑप्रेशन कर पकड़ा सट्टेबाज

**बराड़ा।** पुलिस ने बसंतपुरा रेलवे स्टेशन क्रॉसिंग के पास सट्टा खाईवाली कर रहे ओम को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जब पुलिस टीम क्वालटी चौक पर गश्त और अपराधों की जांच कर रही थी तो उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ओम अनाज मंडी के गेट के पास घूम-फिर कर सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने एक योजना बनाई। पुलिसकर्मी नसीब सिंह को सिविल ड्रेस में बोगस सट्टेबाज के रूप में तैयार किया गया। उन्हें 50 रुपये का नोट दिया गया जिस पर छोटे हस्ताक्षर किए गए थे। नसीब सिंह को हिदायत दी गई कि वह ओम के पास जाकर 85 नंबर पर सट्टा लगाए। सट्टा पर्ची प्राप्त कर अपना दाहिना हाथ सिर पर फेर कर संकेत करे। जैसे ही पुलिस के कर्मचारी नसीब सिंह ने सट्टा पर्ची प्राप्त कर संकेत किया तो पुलिस ने सट्टेबाज ओम को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान ओम के पास से सट्टा पर्चा, एक बाल पैन, और 1290 रुपये की नकदी बरामद हुई जिसमें वह 50 रुपये का नोट भी शामिल था।

# रोडवेज कर्मियों ने 11 को धरने का किया ऐलान

## हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की बैठक में मांगों बारे किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजिस्टर्ड नंबर 2089 की कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी द्वारा एक मीटिंग का आयोजन यूनियन कार्यालय में किया गया। संचालन डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान राजिंद्र कुमार ने की और राज्य कमेटी से संगठन सचिव बलकार सिंह बारना व राज्य महासचिव राजबीर सैनी भी मौजूद रहे।

मीटिंग के दौरान डिपो स्तर के सभी प्रकार के मुद्दों व चालक परिचालक कर्मचारियों से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार की गई। डिपो प्रधान राजिंद्र कुमार ने बयान जारी करते हुए कहा कि यदि आने वाले 10 जुलाई तक कुरुक्षेत्र डिपो प्रशासन द्वारा मांग पत्र पर संज्ञान लेकर कर्मचारियों को उनके देय लाभ नहीं दिए जाते हैं तो यूनियन 11 जुलाई 2024 को सांकेतिक धरना करने पर मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेवारी डिपो प्रशासन की होगी। मीटिंग में डिपो कमेटी से विजय भाटिया, धर्मबीर ग्रोवर, बलविंद्र सिंह, विक्की तोमर, सतनाम सिंह, सुमेर सिंह, बीरभान भट्ट, पवन कुमार, सुनील हथीरा, गुरमीत लाल, दिलबाग सिंह, जोगिंद्र झिंझरपुर, रणबीर सहारण, मेवा राम, राजेश रोहिल्ला, राजीव शर्मा, राकेश कुमार, संजीव राणा, महेंद्र पाल, हरमिंद्र सिंह, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार तथा अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ये है मांगें

हैप्पी कार्ड के लाभार्थियों को यात्रा के दौरान हैप्पी कार्ड के साथ आधार कार्ड रखने व दिखाने बारे विभाग द्वारा अखबार में खबर प्रकाशित करवाई जाए, वर्ष 2016 में नियुक्त चालकों को उनके पांच दिन का समय देय अवकाश में स्वीकृति किया जाए,ब्लॉक वर्ष 2020-23 व 2024-27 की एल. टी.सी. का बजट मंगवाकर कर्मचारियों को लाभ दिया जाए, सभी कर्मचारियों को कन्फर्म किया जाए, सभी चालक परिचालक कर्मचारियों को उनका पेंडिंग ओवर टाईम व रात्रि भत्ते का भुगतान किया जाए। राज्य संगठन सचिव बलकार सिंह बारना ने कहा कि यूनियन द्वारा पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर डिपो प्रशासन द्वारा लिखित में दिया गया था कि 25 अप्रैल 2024 तक सभी कर्मचारियों के देय वित्तीय लाभ दे दिए जाएंगे, परंतु वर्तमान समय तक सभी कर्मचारियों के सभी प्रकार के वित्तीय लाभ नहीं दिए गए है।

### लहूलुहान अवस्था में शव बरामद

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा के पास एक व्यक्ति का लहूलुहान अवस्था में पुलिस ने एक शव बरामद किया है।बाद में शव की शिनाख्त हो गई है। दामाद ने ही अपने ससुर की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। गांव नगला मेघा निवासी देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसका नन्दोई सुनील उसके ससुर रघुबीर के साथ रंजिश रखता था। शनिवार की रात को लगभग 8 बजे वह बाइक पर सवार होकर आया और उसने धमकी देते हुए कहा कि उसकी पत्नी कोमल ने उसे परेशान कर दिया और उसका साथ उसका ससुर दे रहा है। जिसके चलते सुशील ने कुल्हाड़ी से रघुबीर की हत्या कर दी। राहगीरों ने गांव शेखपुरा के पास एक शव को देखा तो क्षेत्र में दहशत फैल गई और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर वारिसो को सौंप दिया है।

# प्रतिबंधित नशीली दवाई के कैप्सूलों के जखीरे के साथ दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद किए प्रतिबंधित दवाई के 1752 कैप्सूल

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ सेल की टीम ने औरंगाबाद बाईपास पुल के पास से दो युवकों को प्रतिबंधित दवाई के 1752 कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया है।

मामले की जांच कर रहे स्पेशल स्टाफ सेल के एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि गत शाम वह टीम के साथ शहर में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो युवक उत्तर प्रदेश की ओर से औरंगाबाद बाईपास पुल से होते हुए यमुनानगर की ओर आ रहे हैं। वह अपने साथ प्रतिबंधित दवाई के भारी संख्या में कैप्सूल ले रहे हैं। जिन्हें वह किसी को सप्लाई करने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने टीम के साथ औरंगाबाद पुल के पास नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान उन्हें मोटरसाइकिल पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने तुरंत दोनों युवकों को रोक लिया और उनकी तलाशी ली। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित दवाई के 1752 कैप्सूल बरामद किए। पुलिस ने नशीले कैप्सूलों को कब्जे में ले लिया और दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर दिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान पारस व गीता राम के नाम से हुई।

### परचून की दुकान पर छापा , फ्रिज के पीछे से मिली शराब की बोतलें

**बराड़ा।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांव दहिया माजरा की खेड़े वाली गली में स्थित एक परचून की दुकान से अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की। इस कार्रवाई का नेतृत्व एएसआई राकेश कुमार ने किया जिसमें उनके साथ मुख्य सिपाही मुकेश कुमार, बलदेव कुमार और सिपाही अमनदीप शामिल थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि सुखविन्द्र सिंह उर्फ काला अपनी परचून की दुकान में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान में रखे फ्रिज के पीछे छिपे हुए नीले प्लास्टिक के बैग से 14 बोतल देशी शराब मार्का ताजा माल्टा बरामद हुई।पुलिस ने बरामद शराब में से एक बोतल को नमूने के रूप में सील किया और बाकी शराब को बतौर सबूत अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

यमुनानगर । यमुनानगर-जगधारी हाइवे पर वन विभाग कार्यालय के सामने कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव करेड़ा खुर्द निवासी मनप्रीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्लाई बोर्ड फैक्ट्री में काम करता है। उसका दोस्त उनके गांव का ही 24 वर्षीय प्रिंस भी एक कंपनी में काम करता था। शनिवार को वह दोनों अपनी अलग-अलग बाइक पर गुलाब नगर में अपने जीजा के घर संकीर्तन में गए थे। जब वह वहां से वापस घर लौट रहे थे तो यमुनानगर जगाधरी रोड पर वन विभाग कार्यालय के सामने तेज गति से आ रही कार ने उसके दोस्त प्रिंस की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे प्रिंस सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने अन्य लोगों की सहायता से प्रिंस को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

**बैठक** | सिख समुदाय से जुड़े लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कई ऐलान किए

# तरावड़ी गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में सिख समुदाय की प्रदेशस्तरीय महापंचायत में कई फैसले लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावडी के गुरुद्वारे में आयोजित महापंचायत में संबोधित करते सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

तरावड़ी 23 जून (राजकुमार खुराना) तरावड़ी के गुरूद्वारा शीशगंज साहिब में सिख समुदाय के लोगों की प्रदेशस्तरीय महापंचायत की गई जिसमें कई फैसले लिए गए। हरियाणा प्रदेश में अलग गुरुद्वारा कमेटी की मांग को लेकर फिर से मामला गरमाया है। महापंचायत में सिख समुदाय से जुड़े लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कई ऐलान कर दिए। इस महापंचायत का नेतृत्व गांव सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने किया। जिसमें प्रदेशभर से सिख समुदाय से जुड़े गणमान्य लोग पहुंचे। इस दौरान हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की कार्यकारिणी द्वारा वैद्यानिक जिम्मेदारियों को निभाने में पूर्णतया असफल रहने के कारण चिंता एवं रोष जाहिर किया गया। बैठक के दौरान लाडी ने बताया कि महापंचायत मे अहम फैसला लिया गया जिसमे एक सप्ताह के अंदर सिखो द्वारा बनाई गई 11 सदस्यीय कमेटी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैणी से मुलाकात करके हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के जल्दी चुनाव करवाएं जाने की मांग करेगी।

### सिख समाज एडहॉक कमेटी को बर्दाश्त नहीं करेगा

उन्होंने कहा कि सरकार ने यदि एडहॉक कमेटी बनाई तो संगत मंजूर नही करेगी। उन्होने कहा कि सिख समाज अब एडहॉक कमेटी को कताई बर्दाश्त नहीं करेगा। हरियाणा सरकार को चुनाव करवाना होगा, ताकि सिख समाज अपना प्रतिनिधि चुन सके और वही प्रतिनिधि गुरुद्वारों की सेवा संभाले। महापंचायत में इस मुद्दे पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। लाडी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि 14 अगस्त 2024 से पहले चुनाव नही करवाए गए तो 15 अगस्त को काला दिवस मनाया जाऐगा। बैठक के दौरान दीदार सिंह नलवी, गुरमीत सिंह सीवन, सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र, जोगिंद्र सिंह झीड़ा, बलजीत सिंह निसिंग, एडवोकेट अंग्रेज सिंह पन्नू, एडवोकेट गुरतेज सिंह समेत कई लोगों ने संबोधित किया। । भूपेंद्र सिंह लाडी ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार ने इसके उलट एडहॉक कमेटी बना दी और इस कमेटी को 18 महीने तक चलाया। उनके अनुसार इस कमेटी ने 18 महीने तक भ्रष्टाचार किया, गुरुद्वारा साहिब के वाहनों का निजी इस्तेमाल किया और पैसे का दुरुपयोग किया, जोकि सरासर गलत है। बैठक में वरिंद्र सिंह नीलोखेड़ी, अमरजीत जोगनाखेड़ा कुरूक्षेत्र, दीदार सिंह नलवी, सुरेंद्र सिंह पूर्व चेयरमैन पखाणा, रजवंत सिंह नीलोखेड़ी, सुखविंद्र सिंह , सेवा सिंह , सर्बजीत सिंह बरियार पूर्व सरपंच निसिंग, बलदेव सिंह विर्क सौंकड़ा, गुरदीप सिंह धारीवाल, दया सिंह संधू कुरूक्षेत्र, रेशम सिंह तोथड़, वरिंद्र छीना असंध, बगेल सिंह, सुखदेव मान, लखविंद्र सिंह सरपंच सिंघड़ा, कुलदीप सिंह सरपंच समानाबाहू, चरणसिंह पूर्व सरपंच लल्याणी आदि मौजूद रहे।

# यमुना बांध के नीचे दबी पाइप लाइन को सिंचाई विभाग ने तोड़ा



पानीपत के गांव गोयला में यमुना तटबंध के नीचे दबी पाइप। फोटो : हरिभूमि

■ 250 एकड़ फसल की सिंचाई नहीं हो पाएगी, किसानों ने प्रदर्शन कर जताया रोष

**पानीपत।** पानीपत के गांव गोयला खुर्द में यमुना बांध के नीचें किसानों द्वारा फसल सिंचाई के लिए दबाई गई पाइप लाइन को सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने बंद कर दिया। जिससे यमुना बांध के अंदर करीब 250 एकड फसल पानी ना मिलने से प्रभावित हो रही है। इसको लेकर आक्रोशित किसानों ने सिंचाई विभाग व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कहा कि उनकी फसल की सिंचाई के लिए जल्द समाधान ना होने पर तहसील कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा। वहीं, प्रदर्शनकारी किसानों सत्ता, रामचंद्र, विकास, दनिश, प्रीतम, तेलू, बिरमपाल, रमेश, इलम सिंह, शिवचरण, संदीप, नरेश, सुशील ने बताया कि यमुना बांध के अंदर उनके गांव की सैकडों एकड जमीन है। उक्त जमीन की सिंचाई के लिए उन्होंने यमुना बांध के नीचे से पाइप लाइन दबा रखी है, इससे वे अपने खेतों में उगी फसलों की सिंचाई करते है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन के तोडे जाने व तेज गर्मी के कारण वे अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। करीब 250 एकड में खडी उनकी फसल सूखने की कगार पर है। इस संबंध में सिंचाई विभाग व पानीपत प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं कर रहा है। दूसरी ओर, सिंचाई विभाग के एसडीओ सर्वजीत ने बताया कि यमुना के तटबंद के नीचे से पाइप लाइन अवैध तरीके से दबाई गई थी। इस पाइप लाइन के मामले में उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया और उनके आदेश पर पाइप लाइन को बंद करवाया गया है। उन्होंने दावा किया कि अवैध पाइप लाइनों के कारण ही तटबंध टूटने का खतरा बढ़ जाता है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सरपंच पर पैसा खर्च करने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव भील छप्पर की पूर्व सरपंच रमनीत कौर पर गांव के विकास कार्यों में बिना किसी स्वीकृति के पैसा खर्च करने का आरोप लगा है। खंड बिलासपुर के बीडीपीओ कार्तिक चौहान ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि पिछले प्लान में गांव भील छप्पर में रमनीत कौर सरपंच बनी थी। इस दौरान गांव से शमशानघाट बिलासपुर तक रास्ता निर्माण के लिए 11 लाख 63 हजार रुपए दिए गए थे। मगर इस दौरान पूर्व सरपंच ने अपनी मर्जी से गांव भील छप्पर से गांव आमवाला तक रास्ता निर्माण व गांव के अन्य विकास कार्यों में उक्त पैसे बिना किसी स्वीकृति के खर्च कर दिए। जब उनसे इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। उसने पूर्व सरपंच के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 406 में 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घरेलू गैस के उपयोग की ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** समालखा में जीटी रोड स्थित संत निरंकारी भवन में जनता की सुरक्षा को लेकर तिरुपति गैस एजेंसी की ओर से लोगों के लिए एक दिवसीय सुरक्षा शिविर लगाया। एजेंसी के संचालक प्रवीण जुनेजा की देखरेख में लगाए गए इस सुरक्षा शिविर में प्रशिक्षित मैकेनिकों के द्वारा ग्राहकों को गैस के उपयोग करने और सावधानियों के बारे में बताया। प्रवीण जुनेजा ने कहा कि हर घर में आज रसोई गैस का प्रयोग किया जाता है। सभी को सावधानी पूर्वक इसका प्रयोग करना चाहिए ताकि कोई अनहोनी न हो। मौके पर ओमप्रकाश निरंकारी, दिलशाद, तिलक राज, सोनू वर्मा, कुलदीप, खुशवंत सिंह और महिलाएं उपस्थित रहीं।

### रोडवेज कर्मियों की 26 को भूख हड़ताल

**पानीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने नए बस अड्डे पर बैठक कर मांगों पर चर्चा की। अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल कुंडू ने की जबकि संचालन डिपो सचिव सुल्तान मलिक ने किया। राज्य प्रधान नरेंद्र व सचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि प्रदेश सरकार के साथ 23 जून 2023 को रोडवेज कर्मचारियों की कुछ मांगों पर सहमति बनी थी। जिनको लागू करने का परिपत्र आज तक जारी नहीं किया है। इसलिए प्रदेश भर में 26 को भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

### खालसा कॉलेज में उत्साह से मनाया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

## खेल फिटनेस के अलावा टीम वर्क को देते हैं बढ़ावा: डॉ.कंग

- कार्यक्रम में खिलाड़ियों व स्टॉफ सदस्यों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते स्टॉफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में शारीरिक शिक्षा विभाग व लघु खेलो इंडिया केंद्र के तत्वावधान में रविवार को अतंरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के खिलाड़ियों व स्टॉफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने किया।

मौके पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने समग्र शिक्षा में खेलों के महत्व पर जोर देते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं। बल्कि हमारे विद्यार्थियों के बीच अनुशासन और टीम वर्क के मूल्यों को भी बढ़ावा देते हैं। जो उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर गोला फेंक समेत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ. बोधराज व प्रमुख डॉ. रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों के बीच खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में ओलंपिक दिवस समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला।

कोच सुरजीत सिंह और कोच सुखचैन सिंह ने दिन भर आयोजित विभिन्न खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व डीन डॉ. अमृता प्रीतम, पूर्व फैकल्टी सदस्य डॉ. परवीन कुमार, डॉ. राजेश भारद्वाज, डॉ.संजय विज, डॉ.जोशप्रीत सिंह व प्रो. शिव आदि मौजूद रहे।

#### सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कार्यक्रम आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारे छात्रों को मैदान के अंदर और बाहर उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कॉलेज अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कॉलेज में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं समेत अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए आहवान किया।

## दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने रादौर से जत्था रवाना

- हमारा परिवार संस्था के बैनर तले संस्था के सदस्य हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रादौर से रवाना होता जत्था।

हमारा परिवार संस्था के सैंकड़ो सदस्यों का जत्था रविवार को कुरूक्षेत्र में आयोजित हो रहे दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। मौके पर संस्था के सदस्यों ने समाज सेवा के कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेने की शपथ ली। संस्था के वरिष्ठ सदस्य मनोज सैनी ने बताया कि संस्था द्वारा कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय राज्यस्तरीय सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर के सभी जिलों से संस्था के सदस्य भाग ले रहे हैं। रादौर से भी संस्था के सैंकड़ो सदस्य ध्वजों को हाथ में उठाकर जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि हमारा परिवार संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेती है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम का उदेश्य आपस में भाईचारा स्थापित करना, एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहना, सभी को अपना परिवार समझना और सभी धार्मिक स्थलों के दर्शन करके लाभ प्राप्त करना है।

## कबीर ने कुरीतियों का विरोध किया

- रादौर की शिव कॉलोनी के नागरिकों ने प्रकटोत्सव कार्यक्रम का किया आयोजन
- संत कबीर दास महाराज के चित्र पर गणमान्य ने अर्पित किए पुष्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** रादौर में संत कबीर दास के प्रकटोत्सव पर उनके चित्र पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए गणमान्य। *फोटो : हरिभूमि*

रादौर की शिव कॉलोनी में नागरिकों द्वारा संत कबीर प्रक्टोत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान गणमान्य ने संत कबीर दास महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम आयोजक सतीश कुमार ने बताया कि हर वर्ष संत कबीर प्रकट दिवस पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। संत कबीर ने समाज में फैली कुरीतियों का डटकर विरोध किया था। मौके पर संदीप सैनी ने कबीर के जीवन चरित्र से सभी का परिचय करवाया। उन्होंने कहा कि हमें संत कबीर दास के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर जयपाल सिंह, रोनित, वंश, सचिन, सौरभ, प्रमोद, रिंकू, कर्मपाल, केहर सिंह, नरेश, अशोक, शिव कुमार व राजेश ने कबीर के चित्र पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर किए।

## किसान क्रेडिट कार्ड का उठाएं लाभ

- जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** पशुधन क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को बैंको द्वारा सालाना सात प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है। इस योजना का किसानों को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने उक्त योजना की जानकारी दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि पशुधन किसान क्रडिट कार्ड योजना के तहत किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपये तक का ऋण देने का प्रावधान है । ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपये तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे व बिना किसी गारंटी के कोलैटरल सुरक्षा बनवा सकता है।

यदि कोई पशुपालक इस राशि से अधिक लिमिट का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चाहता है तो उसे अपनी जमीन या कोई जमानत देना अनिवार्य होगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड धारक को सालाना 7 प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर बैंक द्वारा ऋण दिया जाएगा।

## मोदी ने पूरा किया डॉ. मुखर्जी का सपना:कंवरपाल

- कृषि मंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश के कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय अखंडता को कायम किया है। उन्होंने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में उक्त बात कही। मौके पर उन्होंने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन एक देशभक्त, शिक्षाविद् और सामाजिक न्याय दिलाने वाले नेता के रूप में याद किया जाता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन लगाया। वह कभी सत्ता पर बैठने के लिए नहीं आए थे। वह अनेक बार सत्ता में आए और हमेशा विचारधारा के लिए सत्ता को त्याग दिया।

#### मंत्री पद का किया था त्याग

कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और देश प्रेम की भावना उनमें कूट कूट कर भरी हुई थी। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अंग्रेजों द्वारा दी गई अनेक कठोर यातनाएं सही व देश की स्वतंत्रा में अपना योगदान दिया। डाक्टर साहब ने हिन्दू महासभा में भी प्रतिनिधित्व किया और जोरदार तरीके से अपनी बातें रखी। भारत देश की स्वतंत्रा के पश्चात वह देश की सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में रहे और अपनी सेवाएँ देश के लिए दी। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि 1947 में भारत आजाद हुआ और 1950 में भारत ने अपना संविधान लागू किया। संविधान लागू करने के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने संविधान में अनुच्छेद 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया गया। उस समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उद्योग एवं रसद मंत्री का पद त्याग दिया और देश की प्रतिष्ठा, अखंडता के लिए कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के लिए एक व्यापक आंदोलन शुरू किया। भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने कश्मीर सत्याग्रह अभियान शुरू किया। इसके लिए उन्हें अपने प्राणों की आहुति तक देनी पड़ी। कृषि मंत्री ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक मिशन था कि भारत में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान होना चाहिए।

## डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जगाधरी सेक्टर-17 में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भाजयूमो के सदस्य।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जगाधरी के सेक्टर 17 में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने की। उन्होंने व अन्य कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जीवन भर देख की एकता एवं अखंडता को लेकर कार्य किया। देश की अखंडता बनाए रखने के लिए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय राजनीति और समाज में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय से आगे की सोच के लिए जाना जाता है। एक देश और एक विधान का मंत्र देने वाले डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने इसके लिए मिसाल पेश की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, महामंत्री प्रियांक शर्मा, अंकित गोयल, धर्म चंद बिंदल, नरेश गुप्ता, नकुल गोयल, पीयूष गोगियांन, दीपक शर्मा, विपिन कुमार, कपिल मित्तल व सुनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रद्धापूर्वक मनाई पुण्यतिथि

- भाजपा व्यापार मंडल रादौर के कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बे में आयोजित किया कार्यक्रम
- भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


**यमुनानगर।** रादौर में भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते कार्यकर्ता व अन्य।


भाजपा व्यापार मंडल के सदस्यों ने रविवार को रादौर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में राजकीय कॉलेज की प्रो. रिंकू ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता भाजपा व्यापार मंडल के जिला संयोजक सुशील बत्रा ने की। भाजपा व्यापार मंडल के जिला संयोजक सुशील बत्रा ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में एक सम्पन्न परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी था। ये अपने पिता की तरह बहुत कुशाग्र बुद्धि के व्यक्ति थे। वे 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता यूनिवर्सिटी के कुलपति बने। 1942 में बंगाल में मुस्लिम लीग की राजनीति से दूषित वातावरण के खिलाफ संघर्ष किया तो ब्रिटिश सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया। डॉ. मुखर्जी देश के विभाजन के कट्टर विरोधी थे। इनका मत था कि हिन्दू, मुस्लिम रक्त गुण से एक हैं। सरदार पटेल के अनुरोध पर वे भारत के प्रथम उद्योग मंत्री बने। परंतु राष्ट्रीय हितों के विषयों पर कांग्रेस से मतभेद पर इन्होंने त्यागपत्र दे दिया और अक्तूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना की। जो बाद में 6 अप्रैल 1980 को बीजेपी में परिवर्तित हो गई। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय चाहते थे। वे धारा 370 के कट्टर विरोधी थे। एक देश में अलग झंडा, अलग संविधान को खत्म करना चाहते थे। उन्होने भारत को एक करने का संकल्प लिए व बिना परमिट लिए जम्मू रवाना हो गए। वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया और जेल में डाल दिया गया। 1953 में जेल में ही उनकी रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई। इस अवसर पर एमसी भगवतदयाल कटारिया, अशोक गुंबर, मुकेश अरोड़ा मक्की, जगमाल सिंह, विक्रम वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान जगाधरी ने आयोजित किया धार्मिक संत समागम

## अहंकार रहित भाव से प्राप्त होती है साधक की उपाधि: भारती

- कार्यक्रम में साध्वी मयंका भारती ने साधक की उपाधि के महत्व से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित धार्मिक संत समागम कार्यक्रम में साधक उपाधि के बारे समझाती साध्वी मयंका भारती व श्रवण करती साध संगत।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में धार्मिक संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में साध्वी मयंका भारती ने साधकों को साधक की उपाधि के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों से सभी को भाव विभोर कर दिया। साध्वी मयंका भारती ने फरमाया कि एक साधारण मनुष्य साधक की उपाधि को तभी प्राप्त करता है जब वह अहंकार रहित भाव हो जाता है। अहंकार रहित भाव होने से साधक श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ संत की शरणागति होकर उनसे ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्राप्त करके निरंतर गुरू आज्ञा में रहते हुए ध्यान साधना की गहराइयों में उस परमात्मा के प्रकाश स्वरूप से जुड़ता है। साध्वी ने समझाया कि सहजता से ही अग्नि का संग करने से उष्णता प्राप्त होती है। जल का संग करने से शीतलता मिलती है। इसी प्रकार एक पूर्ण गुरू का संग करने से जो सद्गुण हमारे व्यक्तित्व में प्रकट होते हैं। वह ही साधक के ऐसे गुण हैं जो हमारे जीवन को मूल्यवान और विलक्षण बनाते हैं। मिट्टी में शीतलता के गुण तभी आते हैं जब वह कुम्हार के हाथों में आकार लेकर अग्नि में तपाई जाती है।

#### विनम्रता का गुण भीतर से प्रकट होता

इसी प्रकार हमारे भीतर भी साधक के गुण एक गहन प्रक्रिया से गुजरने के दौरान ही प्रकट होते हैं। उन्होंने समझाया कि प्रेम, धैर्य, संयम, पवित्रता, सहिष्णुता और विनम्रता जैसे आभूषणों से गुरु अपने साधक का शृंगार करते हैं। ये गुण स्वतः ही एक साधक के आचरण में उतर जाते हैं। उसके लिए उसे कुछ अन्यथा प्रयास नहीं करना पड़ता है। केवल मन,वचन व कर्म से गुरु के श्री चरणों में समर्पण करके निरंतर गुरू आज्ञा में चलते रहना है। जब एक साधक निरंतर ध्यान साधना करता है। तब गुरू उसके प्रारब्ध और संचित कर्मों पर कार्य करता है। गुरू अपने साधक के पुरुषार्थ को आधार बनाकर उसके सभी संचित कर्मों को नष्ट कर देता है। विनम्रता का गुण तो साधक के भीतर उसी क्षण प्रकट हो जाता है ।

## सूने घर से चुराए लाखों रुपये के गहने व नकदी

- बिलासपुर की श्रीराम कॉलोनी में वारदात, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बिलासपुर की श्रीराम कॉलोनी से चोरों ने दिन दहाड़े सूने घर से लाखों रुपये के आभूषण व आठ हजार रुपए चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर की श्रीराम कॉलोनी निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ सुबह 11 बजे किसी काम से बाहर गया था। इस दौरान उन्होंने घर पर ताला लगाया हुआ था। जब शाम सात बजे वह घर वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे आठ हजार रुपए, तीन सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, कानों के टॉपर्स व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब एक लाख रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### मेडिकल कैंप में की 110 मरीजों की जांच

**पिहोवा।** गुहला रोड़ पिहोवा स्थित गुरुद्वारा मक्खन शाह लबाना में एक दिवसीय मुफ्त मैडिकल कैम्प का आयोजन आर.के. गाबा हस्पताल ढांड रोड़ पिहोवा के सौजन्य से किया गया। कैम्प में डॉ. नैंसी गाबा एमबीबीएस, डॉ. शादाब बीएएमएस, डॉ. बादल अरोड़ा बीएएमएस ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस कैम्प में हड्डियों,नसों व शुगर के टेस्ट फ्री किए गए। चैकअप कैम्प में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 110से ज्यादा मरीजों को चैकअप करके जोड़ों के दर्द,बुखार, मलेरिया,उल्टी,दस्त, टायफॉइड, हृदय व छाती सबंधी बीमारियों की दवाइयां मुफ्त वितरित की गई। टैस्ट की सुविधाएं जगदीप कलसी की अगुवाई में माइक्रो लैब द्वारा दी गई।

### रोड बिरादरी के प्रबुद्धजनों ने बैठक में किया विचार विमर्श

**कुरुक्षेत्र।** रोड़ धर्मशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बुद्धिजीवी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा कांग्रेस मैनिफैस्टो कमेटी के सदस्य प्रोफेसर कृष्ण चंद रल्हाण की अध्यक्षता में रोड़ समाज के सम्मानित साथियों की बैठक हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र के लिए समाज हित के लिए सुझावों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### पांच दिवसीय बाल संस्कार शाला का आरंभ

**कुरुक्षेत्र।** मोबाइल युग में बच्चों को सही राह दिखा कर 8 साल से 15 साल तक के बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं महादेव गौशाला ने सकारात्मक पहल की है। यह संस्कारशाला आज से 5 दिन तक चलेगी इसके लिए 5 दिन का पंजीकरण मात्र 10 रुपये रखा गया है संस्कारशाला का आरम्भ दीप वंदना के बाद ज्ञानदायनी मा सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर कैलाश गोयल और सुरजीत राणा ने मुख्य वक्ता अनिल कुलश्रेष्ठ प्रधानाचार्य श्रीमद्भगवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र का जत्था बालटाल के लिए रवाना

**कुरुक्षेत्र।** बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र का 9वां भंडारा दुखभजन मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रवाना हुआ। सुबह 9 बजे सभी सदस्यों ने भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। उसके बाद सभी को भोले का प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर जय भगवान शर्मा डीडी मुख्य अतिथि रहे। सभी के प्रसाद ग्रहण करने के बाद जय भगवान शर्मा ने भंडारे को झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ परिवार सहित विराजमान थे। इस बार शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण अमरनाथ का बर्फ का स्वरूप था।

## शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री ने नाले की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

# अधिकारियों ने लापरवाही दिखाई तो होगी तुरन्त कार्रवाई: सुभाष सुधा

**रोटरी क्लब चौक से मेन बाजार स्थित सीकरी चौक तक नाले की सफाई करने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गत्त देर शाम छोटा बाजार के नजदीक नाले की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर ही नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर रोटरी क्लब चौंक से मेन बाजार स्थित सीकरी चौंक तक नाले की सफाई करने के निर्देश दिए। नाले की सफाई व्यवस्था के तहत सफाई कर्मचारियों ने रातों ही रात नाले की सफाई व्यवस्था के कार्य को दुरुस्त किया। निकाय मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि कहीं पर भी सफाई व्यवस्था के कार्य में कोताही या लापरवाही सामने आई तो तुरंत के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने इस मौके पर जहां सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, वहीं दुकानदारों से बातचीत करते हुए उनकी बाजार से संबंधित सफाई व्यवस्था के तहत कोई समस्या है उसकी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का निवारण बारे निर्देश दिए। मंत्री के निदेशों के बाद सफाई कर्मचारियों ने रोटरी क्लब चौंक से मेन बाजार स्थित सीकरी चौंक तक, चक्रवर्ती मोहल्ले के नाले-नालियों, शास्त्री नगर बिरला मंदिर के पास, पिपली के नजदीक नालियों के सफाई कार्य तथा शहर के अन्दर के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था व सीवरेज के कार्यो को दुरूस्त करने का काम किया। यहां बता दें कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने पिछले दिनों शहर में सफाई व्यवस्था के तहत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिनमें नगर परिषद, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग व सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के तहत कई स्थानों का निरीक्षण करते हुए उन्हें मानसून से पहले पहले ड्रैनों की सफाई करने के निर्देश दिए थे।



कुरुक्षेत्र। बाजार में रात्रि को सफाई करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### साथ की साथ हो कूड़े का उठान

शहरी, स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी कहा है कि जहां पर भी सफाई व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है और वहां से जो गाद या कूड़ा-कर्कट निकलता है, दो दिनों के अन्दर-अन्दर वह गाद या कूड़ा-कर्कट वहां से उठना सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट किया कि यदि कहीं पर सफाई व्यवस्था में कोताही नजर आई तो तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सफाई व्यवस्था के तहत सिंचाई विभाग व सरस्वती हेरिटेज बोर्ड द्वारा उनके क्षेत्रों में जो भी ड्रेनें या नाले या अन्य है वहां पर सफाई व्यवस्था का कार्य बेहतर समन्वय के साथ किया जा रहा हैं। मानसून सीजन से पहले पहले यह कार्य दुरुस्त कर लिया जाएगा। इस मौके पर नगर परिषद के ईओ अभय यादव, एमई संदीप शर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

### मानसून सीजन से पहले नाले-नालियों को किया जाए साफ

नगर परिषद के ईओ अभय यादव ने बताया कि नगर परिषद के द्वारा पिछले कई दिनों से सफाई का कार्य किया जा रहा हैं। इस कार्य के तहत झांसा रोड पर भद्रकाली मंदिर से सरस्वती नदी तक, रविदास चौंक से भद्रकाली मंदिर तक, रविदास चौंक से कीर्ति नगर सरस्वती नदी तक, बिशनगढ रोड नाला, टी पातशाही गुरुद्वारा से रेलवे रोड व कैलाश नगर से बीबीएमबी ऑफिस तक नालों की सफाई का कार्य किया जा चुका हैं। राज्यमंत्री के निदेर्शानुसार झांसा रोड पर रोटरी चौंक से रविदास चौंक तक, मोहन नगर से सिरसला रोड, इसके अलावा जो अन्य नाले व नालियां है उनमें सफाई का कार्य किया जा रहा है। मानसून सीजन से पहले पहले नाले व नालियों की सफाई का कार्य कर लिया जाएगा। सफाई व्यवस्था की वास्तविकता जांचने के लिए नगर परिषद् के अधिकारियों की ड्यूटियां भी लगाई गई हैं।

## वाल्मीकि अंबेडकर सभा ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

संत शिरोमणि कबीरदास के जन्म दिवस पर वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर अशोक कुमार चौहान, अध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र रहे। विशेष वक्ता प्रोफेसर प्रवीण कुमार चंडीगढ़ विश्वविद्यालय और प्रोफेसर चंदन द्राविड़ पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा के अध्यक्ष सुभाष पारचा ने की और मंच संचालन वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा के महासचिव मास्टर महाबीर अठवाल ने किया। कार्यक्रम में 100 के लगभग बच्चों को सम्मानित किया गया। एक रजिस्टर, एक पैन, एक मेडल एक प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रोफेसर ने बच्चों को आगे बढ़ने टिप्स दिए। कार्यक्रम में डॉ रामजुआरी, डॉ बालरिषि कांगड़ा, डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ मलकीत सिंह कल्याण, मास्टर राजेश कुमार अमीन, मास्टर रामभक्त, मास्टर वेदप्रकाश, राजेश पुहाल, अमन कुमार दुग्गल, रोबी राणा, सुरेश कुमार फौजी आदि मौजूद रहे।

### युवाओं के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़ : सुखबीर


**कुरुक्षेत्र।** हलका थानेसर से युवा इनेलो नेता सुखबीर सिंह ने कहा कि 18 जून को हुई यूजीसी नेट की परीक्षा और अब सीएसआईआर नेट के एग्जाम को भी कैंसिल किया गया है, जोकि युवाओं के भविष्य की साथ खिलवाड़ है। दिन रात मेहनत करके युवा एग्जाम की तैयारी करते है, फिर कड़ी धूप व गर्मी में अपने शहर से दूर एक्जाम देने जाते है, फिर उसके बाद सरकार की इन नाकामियों की बदौलत उन्हे अपना भविष्य गढ्ढरत में नजर आना सरकार पर कलंक है। सुखबीर ने कहा कि यदि इनेलो की सरकार बनती है तो एनटीए से हरियाणा मे कोई भी एग्जाम नही करवाया जाएगा। एक बार फिर सरकारी संस्थाओ को महत्व दिया जाएगा।

## कौशल निगम के जरिए भाजपा खत्म कर रही आरक्षण और मेरिट : अशोक अरोड़ा

- सरकार ने सरकारी संस्थाओं की फीस में कई गुणा बढ़ोत्तरी की

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा का कहना है कि बीजेपी दलित और पिछड़ा विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसीलिए ये सरकार हरियाणा से सरकारी शिक्षा, पक्की नौकरी और एससी-ओबीसी का आरक्षण खत्म कर रही है। इसके लिए सरकार ने सरकारी संस्थाओं की फीस में कई-कई गुणा बढ़ोत्तरी कर दी है। एमडीयू की फीस में सीधे 5 गुणा तक फीस बढ़ाकर सरकार ने गरीब, किसान, एससी और ओबीसी परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से दूर करने के प्लान को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा।

इसे पहले बीजेपी ने कौशल निगम के जरिए कच्ची भर्तियां शुरू करके आरक्षण, मेरिट और पारदर्शिता को खत्म कर दिया है। प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं, लेकिन सरकार इसलिए उनपर पक्की भर्तियां नहीं कर रही, क्योंकि पक्की भर्तियों में दलित-पिछड़ों को आरक्षण देना पड़ेगा। लेकिन बीजेपी नहीं चाहती कि इन वर्गों को आरक्षण व नौकरी मिले। शिक्षण संस्थानों की हालत ऐसी हो गई है कि यूजीसी ने प्रदेश की 2 सरकारी यूनिवर्सिटीज महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा राई को डिफॉल्टर की सूची में डाल दिया है। इससे पहले प्रदेश सरकार ने खुद नोटिफिकेशन जारी किया था कि सरकार प्रदेश की किसी यूनिवर्सिटी को फंड नहीं देगी। उसे अपने खर्चे खुद निकालने होंगे। यहीं से शिक्षण संस्थानों में बेतहाशा फीस बढ़ोत्तरी का सिलसिला शुरू हुआ। अशोक अरोड़ा ने कहा कि बीजेपी ने आरक्षण को सिर्फ कागजों तक सीमित कर दिया है। क्योंकि जब सरकारी शिक्षा और सरकारी नौकरियां ही नहीं होंगी तो आरक्षण अपने आप खत्म हो जाएगा।

### मनाली एडवेंचर कैंप के लिए दल रवाना

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला के तत्वाधान में व जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र के कुशल नेतृत्व में कुरुक्षेत्र जिले के 50 लड़के व 50 लड़कियां व 4 एसकार्ट टीचर को सहायक परियोजना अधिकारी, राजेश भारद्वाज व जिला संयोजक यूथ एंड इको क्लब नरेश कुमार शर्मा ने मनाली एडवेंचर कैंप के लिए नये बस स्टैंड कुरुक्षेत्र से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला संयोजक नरेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यूथ एंड इको क्लब को जिले के 116 स्कूलों में स्थापित हुए अभी दूसरा वर्ष हुआ है और मनाली की प्रकृति और प्राकृतिक वनस्पति के अध्ययन हेतु जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से विद्यार्थियों का इस वर्ष का यह पहला बैच है। गत वर्ष भी जिले से 200 बच्चों के तीन बैच मनाली एडवेंचर कैंप में भाग ले चुके हैं। इस कैंप में बच्चे माउंटेन ट्रैकिंग, प्राकृतिक वनस्पति का अध्ययन, लोक नृत्य, रागिनी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, रिपोर्ट लेखन, आसपास के स्थानीय क्षेत्र का भ्रमण करेंगे व अध्ययन करेंगे तथा उनके बारे में जानेंगे।

## सैन धर्मशाला में पिछड़े वर्ग का हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की सैन धर्मशाला में पिछड़ा वर्ग का एक विशाल सम्मेलन हुआ, जिसमें हरियाणा के पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों ने प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में मुख्यतः हरियाणा सरकार द्वारा नौकरियों में आरक्षण लेकर प्रतिनिधित्व एवं बैकलॉग को पूरा करने की मांगों के अतिरिक्त अनेक विषयों पर चर्चा की गई। सम्मेलन में 17 सितंबर 2021 के हरियाणा सरकार की अधिसूचना जिसमें सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र बनवाने हेतु 6 लाख रुपए की आय सीमा रख दी गई थी। जिसमें सरकार ने वेतन व कृषि को आय माना गया है, पिछड़ा वर्ग के लोगों ने इस पर बड़ा एतराज जताते हुए बताया कि आय की इस सीमा के कारण उनके बच्चों को ना तो अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला मिल रहा है और ना ही उन्हें सरकारी नौकरिओं में पूरा आरक्षण का लाभ मिल रहा है। एक साजिश के तहत उन्हें सरकारी नौकरियों से वंचित किया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा पारित इस अधिसूचना से पिछड़ा वर्ग का बहुत नुकसान हो रहा है इसके साथ-साथ सम्मेलन में हरियाणा के सभी ग्रुप ए, बी के पदों में भी 27% आरक्षण केंद्र सरकार की तरह दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर डॉक्टर गौरव सैनी, राजेश सेन, अमरजीत पांचाल, डॉ दीपक सैनी,मनीष करनाल, राजकुमार कश्यप, सुभाष पटवा, दयानन्द, रुपिंदर, जगमोहन, कश्यप धर्मशाला के प्रधान ओमपाल कश्यप, अंबाला से परमिंदर सिंह, कैथल से तरसेम सिंह, एडवोकेट संजीव कश्यप, राजपाल पांचाल, कैथल से ओम प्रकाश सिंह, ऋषि पाल प्रजापति, परमिंदर जांगड़ा, रवि ठाकुर, रवि दत्त, डॉ सुभाष आदि समाज के लोगों ने भाग लिया।



## मानव मित्र मंडल में नारीशक्ति सम्मान एवं समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मानव मित्र मंडल द्वारा मंडल के संस्थापक प्रो. राम रतन शर्मा के मार्गदर्शन में नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह श्रीसत्य साईं मंदिर, सेक्टर-7 के पावन परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. विवेक शर्मा, अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, कुरुक्षेत्र एवं कार्यक्रम अध्यक्षा एडवोकेट मंजू वर्मा, महिला एग्जीक्यूटिव जिला बार एसोसियशन, कुरुक्षेत्र तथा मानव मित्र मण्डल के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र की ओर से समाजसेवी नारीशक्ति नीशू गुप्ता, मुकेश देवी, संतोष रानी, अंजना कुमारी, एवं सीमा देवी आदि को नारीशक्ति सम्मान एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



## कबीर के दोहों से गूंजी कला परिषद की शाम

- कला कीर्ति भवन में मनाई कबीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र।

हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन में आयोजित दो दिवसीय संगीतमय संध्या का समापन कबीर गायन से हुआ। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर जहां भिवानी के कलाकारों ने रागनियों और सारंगीवादन से समां बांधा। वहीं संत कबीर दास जयंती के अवसर पर अम्बाला की सुनीता दुआ सहगल और साथी कलाकारों ने संत कबीर की वाणी का वर्णन किया। कला कीर्ति भवन के लॉन में आयोजित की गई सांस्कृतिक संध्या में श्रोताओं ने संत कबीर के दोहों का जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर मंच संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया। भजन एवं लोकगायिका सुनीता दुआ सहगल ने कार्यक्रम की शुरूआत मन लागो मेरा यार फकीरी में से की। संत कबीर की लेखनी और शब्दों के महत्व को समझाते हुए सुनीता दुआ ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इतना ही नहीं कव्वाली की तर्ज पर हमन है इश्क मस्ताना, हमन को होशयारी क्या, रुह आयाद या जग से हमन दुनिया से यारी क्या जैसे पदों को सुनाकर सुनीता ने माहौल को खुशनूमां बनाए रखा।



## शिविर में वीरांगनाओं ने शारीरिक प्रशिक्षण के साथ दी बौद्धिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर के आठवें दिन वीरांगनाओं ने प्रातःकालीन सत्र में जहां शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त किया वहीं बौद्धिक सत्र के दौरान रखी गई विशेष परीक्षा भी दी। बौद्धिक परीक्षा में युवतियों से आर्य समाज, वैदिक संस्कृति, अनुशासन, चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गये। शिविर संचालिका बहन व्रतिका आर्या ने बताया कि इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर भी यह तय किया जाएगा कि परीक्षा देने वाली वीरांगना को आर्य वीरांगना, शाखा नायक, उप व्यायाम शिक्षिका या व्यायाम शिक्षिका आदि कौन-सी श्रेणी का प्रमाण-पत्र दिया जाए। ज्ञात रहे गुरुकुल में यह शिविर राज्यपाल आचार्य देवव्रत की प्रेरणा से सार्वदेशिक आर्य वीर दल न्यास के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती के मार्गदर्शन में चल रहा है।





कुरुक्षेत्र। थानेसर नगर परिषद की चेयरपर्सन उमा सुधा को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

## कर्मचारियों ने राज्य निकाय मंत्री के आवास पर किया प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** पालिका, परिषद, निगम व अग्निशमन के कार्यकर्ताओं ने विरोध सभा का आयोजन किया। अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने की। संचालन संघ के उप महासचिव सुनील चंडालिया ने किया। सभा के बाद कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा के आवास की ओर प्रस्थान किया और उनके आवास पर जमकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की नाराजगी को देखते हुए निकाय मंत्री की धर्मपत्नी थानेसर नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा पहुंची। कर्मचारियों के बीच ज्ञापन लेने पहुंची। उन्होंने मंत्री से बात कर जल्द बैठक करवाने का आश्वासन दिया। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, महासचिव मांगेराम तिगरा, वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड, अग्निशमन विभाग के प्रधान राजेन्द्र सिन्द, उपाध्यक्ष सुभाष गुसर ने बताया कि 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को किए गए समझौतों में मानी गई मांगों के या तो पत्र जारी नहीं किया और यदि पत्र जारी कर दिए तो उनको लागू नहीं किया। विरोध प्रदर्शन में संघ के कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह संगेलिया, उप प्रधान सेवा राम, वीरभान बिड़लान, कमला, राजेश बागड़ी, ऑडिटर सुखदेव सिंह, मुख्यसँगठन कर्ता शिवचरण, संगठन कर्ता राजपाल, राज्य सचिव परसोतम दानव, शारदा देवी, अनूप वाल्मीकि, प्रेस सचिव राजीव खत्री, गुलशन भारद्वाज व मनोज अठवाल सहित सेंकडो कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की।

### हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कम्पयूटर प्रोफेशनल संघ ने मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन दिया। प्रदेश भर से आए कर्मचारी सुबह से ही देवीलाल पार्क कुरुक्षेत्र में इक्ठा होना शुरू हो गए थे। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता राज्य प्रधान विजय सिंह ने की। मंच का संचालन महा मंत्री सुशील बिश्नोई व कुरूक्षेत्र जिला प्रधान प्रमोद नागपाल ने किया। विभिन्न जिलों से आए प्रदेश कार्यकारणी के सदस्यों व जिला प्रधानों ने अपनी बात रखी। जितेन्द्र कादयान व राजेश श्योकन्द प्रेस प्रवक्ता ने सरकार से मांग की कि कर्मचारियों को तुरन्त प्रभाव से नियमितिकरण निति में शामिल करते हुए पक्का किया जाए। कर्मचारी लघभग पिछले 20 वर्षों से अपनी माँगों को लेकर आन्दोलन कर रहे हैं परन्तु हर बार सरकार वादा खिलाफी करती रही है। इस बार कर्मचारी आर पार के मूड में है। सरकार को चाहिए कि वो अपनी जन कल्याण कारी नीतियों का पालन करते हुए सभी को पक्का करे। भारतीय मजदूर संघ के कोषाध्यक्ष यादव ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि कम्पयूटर प्रोफेशनल को पक्का नही किया गया तो सरकार विपक्ष में बैठ ने लायक भी नही रहेगी।

## डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया फ्री कैंप

# खानपान में बदलाव से रोगों से बचा जा सकता : हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सौजन्य से प्राचीन श्री सीताराम मंदिर बड़सालु में अंतराष्ट्रीय विधवा दिवस पर निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। डॉ रूचि जैन ने कहा कि दुनिया भर में 258 मिलियन से अधिक विधवाएँ हैं, एक अनुमान के मुताबिक भारत में साढ़े पांच करोड़ से अधिक विधवाएं हैं। विधवाओं के स्वास्थ्य, मानवाधिकारों, शिक्षा ओर सशक्तिकरण, आर्थिक कठिनाई,सामाजिक समर्थन, कानूनी सुधार में भारत सरकार प्रयासरत है बहुत सी संस्थाए उनके लिए कार्य कर रही है, लेकिन बाकी सामाजिक संस्थाओं को भी दो कदम आगे आकर उनकी समस्याओं को दूर करने में सहयोग देना चाहिए। महिलाओं को ज्यादा होने वाली बीमारियां ब्रेस्ट कैंसर,एनीमिया,वैजिनाइटिस, सर्वाइकल कैंसर,मोटापा, मेनोपोज, बोन हेल्थ व दिल की बीमारी,पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजिज इत्यादि रोगों के लक्षण, कारण,उपचार व सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। अवध बिहारी दास ने कहा कि डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा जनकल्याण हेतु फ्री मेडिकल कैंपस लगाकर सराहनीय प्रयास किए जा रहे है। समाज की सभी संस्थाओं को लोकहित में इस प्रकार की कार्यक्रम करते रहना चाहिए। डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन ने भी बुजर्गो व अन्य मरीजों को ब्रेन व स्पाइन के रोगों के बारे में परामर्श दिया। डॉ संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ ने भी बताया कि आज कि व्यस्त जीवन शैली में हम अपने खानपान में बदलाव करके बहुत से रोगों से बच सकते है। डॉ सिमरन आनन्द ने शरीर में दांतों के महत्व व रख रखाव हेतु रोगियों को चैक करके उनको दवाइयां व मार्गदर्शन दिया। डॉ गुरवीर कौर,डॉ शालू, ने भी रोगियों को जाँचने में विशेष भूमिका निभाई।



कुरुक्षेत्र। कैंप में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### 158 रोगियों का किया चेकअप

डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 1927 वॉ कैंप आयोजित किया गया। फ्री मेडिकल कैंप में प्रो डॉ एस.एम.गुप्ता डीन ऑफ फैकल्टी, नीट कुरुक्षेत्र व प्रो डॉ संगीता गुप्ता के सहयोग से महिलाओं को एक माह कि कैल्शियम, मल्टीविटामिन व विटामिन डी की दवाइयों के पैकेट भी वितरित किए गए। कैंप में 158 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। सीताराम मंदिर के संचालक अवध बिहारी दास एवं बलराम गौतम कुरुक्षेत्र ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन,डॉ रूचि जैन एम.बी.बी.एस.,एम.एस., स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ गुरविर कौर एम.बी.बी.एस.,एम.डी.मेडिसिन, डॉ संजय शर्मा बी.ए.एम.एस. एवं एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस, डॉ सिमरन आनन्द बी.डी.एस. डेंटल सर्जन,डॉ शालू बी.ए.एम.एस., डॉ शेफाली,डॉ वन्दना को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम दास महाराज, वीरेंद्र सरपंच बड़सालू, नरेश, ऋषि, पूर्व सरपंच बलबीर सिंह मराठा, पुनीत, रणबीर सिंह, राजेश, मलखान सिंह, मामू राम का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर ललिता, पिंकी, प्रशांत, प्रवीण, विशाल, कुलदीप का सराहनीय मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा क्षेत्र के पास से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी तालिब उर्फ लाल को 7 ग्राम 67 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरांत पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हेरोइन जब्त की गई।

### धमकी देने के मामले में शामिल जांच

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अमनप्रीत सिंह को शामिल जांच किया है। जग्गी गार्डन के प्रेमजीत ने 10 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अंबाला चंडीगढ रोड पर उसके शोरूम में घुस कर आरोपी अमरजीत सिंह व अन्य ने उससे लडाई-झगड़ा कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### गांव गोला से 19 वर्षीय लडक़ी लापता

**बराड़ा।** गांव गोला से 19 साल की एक लडक़ी के लापता होने का समाचार मिला है। गांव गोला के भजन लाल ने पुलिस चौकी कलालटी में दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। उसकी सबसे छोटी बेटी बीती 21 जून को किसी को बिना कुछ बताए सुबह 11 बजे घर से कहीं चली गई जिसकी उन्होंने अपने तौर पर तलाश भी की लेकिन उसके बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर लडक़ी की तलाश शुरू कर दी है।

### इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो भेजने का मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने एक महिला की इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील वीडियो भेज कर उसे बदनाम करने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजौंद पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 1 जनवरी 2024 से लेकर 25 अप्रैल 2024 तक एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील वीडियो भेज कर उसे समाज में बदनाम करने का काम किया।

---


### डिप्टी मेयर राजेश मेहता के आवास पर गाजेबाजे के साथ हुआ हुड्डा व उदयभान का अभिनंदन

# सत्ता में आते ही अंबाला में स्थापित होगी आईएमटीः हुड्डा

## पूर्व सीएम हुड्डा ने आईएमटी स्थापित करने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आईएमटी को एक लेकर एक बार फिर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य की सत्ता में आते ही सबसे पहले अंबाला में आईएमटी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले भी हमारी सरकार ने यहां आईएमटी स्थापित करने की घोषणा की थी। उसकी प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी लेकिन कुछ लोगों के विरोध के कारण योजना पर काम नहीं हो पाया। हुड्डा रविवार को डिप्टी मेयर राजेश मेहता के आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता उनकी मां पूर्व पार्षद दर्शना मेहता ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व अंबाला लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद वरूण चौधरी को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया। साथ ही सभी नेताओं को सिरोपे भी पहनाए गए। इससे पहले भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि ये सरकार केवल घोषणाएं कर रही है। धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में राज्य के सात लाख गरीब परिवारों को 100-100 वर्गगज के प्लाट देने का निर्णय लिया था। करीब चार लाख परिवारों को प्लाटों का आवंटन भी किया गया था। किसी कारणवश तीन लाख प्लाटों का कब्जा परिवारों को नहीं मिल पाया था। भाजपा के मुख्यमंत्री अब उन्हीं प्लाटों का कब्जा देकर गरीब परिवारों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि आते ही सबसे पहले इस सरकार ने गरीब परिवारों के हक पर डाका डालते ही प्लाट आवंटित करने की योजना को बंद करने का काम किया था। उन्होंने इस बात पर हैरानगी जताई कि सीएम गरीब परिवारों को प्लॉट के सर्टिफिकेट दे रहे हैं जबकि मौके पर कोई प्लाट नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस फिर ऐसे परिवारों को 100-100 वर्गगज प्लाट देने का काम करेगी। पूछे जाने पर हुड्डा ने कहा कि विधायक किरण चौधरी व उनकी बेटी के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने दावे से कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। पहले हमारी लोकसभा चुनाव में कोई सीट नहीं आई थी लेकिन तब विधानसभा चुनाव में 31 सीट आई थी। इस बार तो हमारी पांच सीटें आई हैं तो ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस की कितनी सीटें आएंगी। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में तस्वीर पूरी तरह से साफ हो चुकी है। कांग्रेस के वोट बैंक में इस बार 19 फीसदी की बढ़ौतरी हुई है जबकि भाजपा का वोट बैंक गिरा है।



**अंबाला।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद वरूण चौधरी का अपने आवास पर अभिनंदन करते डिप्टी मेयर राजेश मेहता।

### ढोल की थाप पर हुआ अभिनंदन

डिप्टी मेयर राजेश मेहता के आवास पर पहुंचने पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व सांसद वरूण चौधरी का ढोल की थाप पर कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। यह पहला मौका था कि पूर्व सीएम खुद राजेश मेहता को आशीर्वाद देने पहुंचे। इस दौरान हुड्डा ने मेहता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मेहता के दोबारा घर वापसी से कांग्रेस को बेहद मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डिप्टी मेयर राजेश मेहता और मजबूती से आगे बढ़ेंगे। मौके पर पूर्व मंत्री निर्मल सिंह, पूर्व विधायक जसबीर मलौर, हिम्मत सिंह, अमीषा चावला, पार्षद जसबीर सिंह, राकेश सिंगला, पार्षद प्रतिनिधि ईशु गोयल।

## जिले चारों विधानसभा सीटें जितवा दो थारी सरकार तो मैं बना दूंगा





**अंबाला।** सम्मेलन में मौजूद कार्यकर्ता व फूलों की बड़ी माला डालकर पूर्व सीएम हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए पार्टी नेता व कार्यकर्ता।

- पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सरकार पर जमकर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को मंच से भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह से जनता से भाजपा को सबक सिखाया है अब उसी तरह से विधानसभा चुनाव में जनता राज्य सरकार का सूपड़ा साफ करने के लिए तैयार बैठी है। हुड्डा रविवार को अंबाला शहर के करण पैलेस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और अंबाला के सांसद वरूण चौधरी का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां अपने संबोधन में हुड्डा ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा जिस तरह लोकसभा चुनाव में हर कार्यकर्ता ने जी तोड़ मेहनत कर भाजपा को सबक सिखाया है। अब उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी जोर लगाना होगा। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस को जिले की चारों सीट दिलवा दें तो मैं वादा करता हूं प्रदेश में थारी सरकार बना दूंगा। उन्होंने ये भी कहा कि अब कांग्रेस के हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को धरातल पर काम करने की पूरी जरूरत है। सभी को जनता के घर-घर तक पहुंचना होगा। लोगों को भाजपा की वायदा खिलाफ और कांग्रेस के कामों को दिखाना-समझाना और बताना होगा। लोगों को बताना पड़ेगा कि जो हरियाणा 10 साल पहले खेल में, शिक्षा में, रोजगार में नंबर एक था। अब वो हरियाणा अपराध में, बेरोजगारी में, ठेका प्रथा में नंबर एक पर है। साथ ही कहा कि ये आंकड़े भी सरकारी ही है। इसलिए जनता को समझाने में आसानी भी होगी। हुड्डा ने कहा कि पेपर लीक मामले में सरकार पूरी तरह फेल साबित हो चुकी है। सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन रही है। वहीं उन्होंने कहा कि हॉर्स ट्रेडिंग न हो सके इसके चलते उन्होंने विधानसभा में फ्लोर टेस्ट नहीं कराया। प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह ने कहा कि प्रदेश और देश में भाजपा ने विकास के नाम पर भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। विकास कार्यों के नाम पर बस भ्रष्टचार ही हुए है। उन्होंने कहा कि पार्टी की जीत के लिए हर कार्यकर्ता को लोकसभा चुनाव की तरह मैदान में उतरना होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के वोट बैंक में इजाफा हुआ है उस लिहाज से कांग्रेस 70 विधानसभा सीटें जीतकर राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस दौरान सांसद वरूण चौधरी ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं के पक्ष में नारेबाजी कर माहौल को तनावपूर्ण बना दिया था। यहां मंच पर एक बारगी तो धक्का मुक्की भी हो गई थी।

---

# सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह से मिले कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य महासचिव जसविंदर परोचा के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह से उनके निवास स्थान पर करनाल में मिला। इस बैठक में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों पर चर्चा की जिसमें ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को स्थाई किए जाने, वेतन तीस हजार करने, सरपंचों के अधीनस्थ काम करने से मुक्ति दिलाने व समय पर वेतन मिलने जैसी मांगे शामिल थी। वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर इन समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर खंड से ईशम कुमार, करनाल से मुखपाल सिंह, रामनिवास, जगतार, सोमपाल, रिंकू चौहान, कर्मवीर, रोशन, बलजीत, विनोद, नैना सिंह, रिंकू और राजेंद्र कोच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



**बराड़ा।** वाइस चैयरमैन से मुलाकात करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

# छठे पातशाह हरगोबिंद साहिब के प्रकाशोत्सव पर रागी जत्थों ने संगतों को किया निहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में छठे पातशाह व मीरी पीरी के मालिक श्री हरगोबिंद साहिब का प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। श्री जपुजी साहिब, सुखमनी साहिब के पाठ के उपरांत कीर्तन दरबार सजाए गए जिसमें हजूरी रागी मलकीत सिंह, रणजीत सिंह व फरिंद्र पाल सिंह ने कथा कीर्तन सुनाकर निहाल किया। प्रकाश उत्सव की लख लख बधाई देते हुए गुरु साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पांचवे पातशाह गुरु अर्जुन देव के घर माता गंगा की कोख से गांव वड्डाली अमृतसर में हुआ था। गुरु साहिब को भाई गुरदास व बाबा बुड्ढा साहिब से शिक्षा प्राप्त हुई। पांचवें पातशाह की शहादत के बाद गुरू हरगोबिंद साहिब को गद्दी पर बिठाया गया। गुरु साहिब ने मीरी व पीरी दो तलवारें धारण की और अकाल तख्त का निर्माण करवाया। उन्होंने जगह जगह जाकर सिख धर्म, गुरबाणी का प्रचार किया व लोगों की सेवा की। उन्होंने ग्वालियर के किले में कैद 52 राजाओं को भी उस समय की हकूमत से छुड़वाया व बंदी छोड़ पातशाह कहलाए। सचिव ने संगत को वाहेगुरु के नाम का सिमरन करने के लिए प्रेरित किया व सिख इतिहास को बच्चों को अवगत करवाने की बात कही।



**नारायणगढ़।** छठे पातशाह श्री हरगोबिंद साहिब के प्रकाश उत्सव पर उपस्थित संगत।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गुरु के मिस्सी रोटी, दही, लस्सी व मिठास प्रशाद के अटूट लंगर बरताए गए। इस अवसर पर सुरजीत कपूर, बलविंदर सिंह भाटिया, पूर्ण सिंह, गगनदीप, डॉक्टर गुरचरण सिंह, हरभजन कपूर, मिंकू कपूर, जसबीर सिंह, खुराना, राजू मक्कड़,जसबीर मक्कड़, महिंदर सिंह, पुनीत सेठी, सर्वजीत गुलियानी, बलजीत सिंह सहित भारी संख्या में संगत मौजूद थी।

# सीएम विवाह शगुन योजना के तहत लाभार्थी को दी जा रही है 31 से 71 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा

राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है, ताकि जरुरतमंद व बेसहारा परिवारों के सिर से बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को विवाह पंजीकरण करवाने के उपरांत ही दिया जाएगा, जिसके लिए विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि जो पात्र परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपए का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, उनको 31 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। विवाहित युगल चालीस प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रुपए और पति-पत्नी में से एक जन चालीस प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# गांव राजोखेड़ी में चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद

**बराड़ा।** गांव राजोखेड़ी में चोरी की घटना की सूचना प्राप्त हुई है। शिकयतकर्ता नवीन कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके डेरे से हैरो की पुरानी पत्ती, 2 कट्टे प्याज और एक टीन रिफाइंड तेल चोरी हो गए हैं। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत जांच के दौरान आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जिसमें दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर एक कट्टा ले जाते हुए देखे गए हैं।

दोनों व्यक्तियों ने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था, जिससे उनकी पहचान मुश्किल हो गई। नवीन ने अपने तौर पर जांच की और शक जताया कि चोरी भीमसेन उर्फ भीमा और जॉनी ने की जोकि गांव उगाला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित नवीन कुमार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की भी बारीकी से जांच कर रही है।

# भतीजे ने मामूली विवाद को लेकर चाचा पर किया चाकुओं से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- दो दिन उपचार के बाद जख्मी की बिगड़ी हालत, अब चिकित्सकों ने चंडीगढ़ किया रेफर

भतीजे ने मामूली विवाद को लेकर चाचा पर किया चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर चोट आने के बाद घायल व्यक्ति को चंडीगढ़ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यहां पुलिस ने बयान दर्ज करने के बाद घायल के भतीजे, भाभी, पिता व चाचा-चाची के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जलालपुर के सलिंदर कुमार ने बताया कि वह 19 जून की शाम को अपने घर पर था। उसी शाम उसके घर के बाहर उसका भतीजा शुभम मोबाइल पर बात करते हुए उसकी बेटी का नाम लेकर गाली दे रहा था। जब उसने गाली देने का कारण पूछा तो आरोपी शुभम उसको भी गालियां देने लगा। थोड़ी देर बाद शुभम वहां से चला गया। उसने बताया कि वह अपने घर के बरामदे में बैठा था और उसकी पत्नी व बेटी भी घर पर थी। शुभम अपनी माता गीता, दादी गुरजीत कौर व अपने दादा जसवंत सिंह को भड़काकर उसके घर के सामने ले आया। वह घर से बाहर निकाला तो उसके पिता जसवंत, चाची गुरजीत कौर व गीता रानी व चाचा राजकुमार उसके साथ गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। वह अपने घर में आकर बैठ गया। कुछ देर बाद शुभम चाकू लेकर सीधा उसके घर में घुसा और उस पर हमला बोल दिया। उसके भतीजे शुभम ने पहले गर्दन पर चाकू से वार किया, फिर कमर व कंधे पर। इसके अलावा भी शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए। उसके शोर मचाने पर उसके परिवार वालों ने शुभम को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वहां से भाग निकला। उसकी बेटी ने डायल-112 पर कॉल करके सूचना दी।परिजन उसे सिविल अस्पताल ले गए। यहां 2 दिन बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें नामांकन

**अंबाला।** डीसी डॉ.शालीन ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों ही श्रेणियों में पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं मेडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### गांव नंदूवाली में धूमधाम से मनाई गई संत कबीरदास जयंती

# संत कबीर न केवल आध्यात्मिक संत थे बल्कि युग प्रवर्तक भी थे

- पूर्व सूचना आयुक्त ने लोगों से संत कबीर की शिक्षाओं का अनुशरण करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने कहा कि संत कबीर जी न सिर्फ एक आध्यात्मिक संत थे बल्कि वे एक समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। उन्होंने अपने दोहों और भजनों के माध्यम से समाज को एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचारों ने भारत समेत पूरी दुनिया को प्रभावित किया। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता के उनके संदेश को दुनिया भर के लोगों ने आत्मसात किया है। मेहता गांव नंदूवाली में डेरा बाबा गोपाल दास सतगुरू रविदास मंदिर श्री घीसा पंथ (कपालमोचन बिलासपुर, यमुनानगर ) में आयोजित कबीर साहिब के प्रकाश उत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि पंहुचे थे। समारोह के आयोजक मौजूदा महंत धर्मदास महाराज थे। समारोह में विभिन्न स्थानों से साधु संत पधारे थे। समारोह में पहुंचने पर गांववासियों ने अशोक मेहता का स्वागत किया। मेहता ने सभी लोगों को संत कबीर के प्रकाश पर्व की बधाई दी। महंत धर्मदास महाराज ने मेहता को आाशीर्वाद दिया। समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मेहता ने कहा कि जब भी संतों की याद में समारोह होते हैं नये विचारों का उद्भव होता है, जो समाज को नई दिशा तथा नए रास्ते दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि यहां जिन साधु संतों का आगमन हो रहा है। वे एक ऐसे असाधारण व क्रांतिकारी संत सदगुरू कबीर दास के अनुगामी हैं। उन्होंने 600 साल पहले सामाजिक कुरीतियों और धार्मिक पाखंड पर प्रहार किया था। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता की स्थापना के बिना न तो समाज का उत्थान हो सकता है और न ही राष्ट्र की उत्थान की कल्पना की जा सकती है। कबीर का रास्ता हमें उसी समरस समाज की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि इस समारोह में जो नए विचार आएंगे वह न केवल नंदूवाली गांव के लिए बल्कि पूरे भारत और संपूर्ण विश्व के लिए कल्याणकारी होंगे। उन्होंने कहा कि कबीर साहिब के अनुयायियों ने उनके विचारों की अलख जगा रखी है। कबीर साहेब ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों को प्रहार किया और मानवतावादी समाज की रचना के लिए प्रेरित किया। कबीर का प्रेम तत्व बेहद गहन है। कबीर दास कहते हैं कि ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय। उनके अनुसार जिसने भी प्रेम के मूल तत्व को जान लिया, जिसके ह्दय में मानवता के लिए सच्चा प्रेम जग गया, उसका व्यक्तित्व परिपूर्ण हो जाता है।



**नारायणगढ़।** नंदूवाली गांव में उपस्थित लोगों को संबोधित करते अशोक मेहता।